अमर उजाला 23/12/2023

शबद गायन से किया निहाल

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के पंजाबी और संगीत विभाग द्वारा (वीर बाल दिवस) के उपलक्ष्य में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह , बाबा फतेह सिंह की लासानी शहादत को समर्पित शबद गायन का आयोजन करवाया गया।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने कविता उच्चारण, शब्द ध्यान, कथावार्ता, वाणी चर्चा इत्यादि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत कौर ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को शहादत से संबंधित जानकारी देते हुए शहीद परिवार की शूरवीर गाथा से परिचित करवाया।

संगीत विभाग से तरणवीर सिंह ने तबले पर शब्द गायन में संगत की। मंच संचालन की भूमिका पंजाबी विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ जसवीर कौर ने निभाई । इस वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त उपस्थित रहे। उन्होंने वीर बाल दिवस के महत्व को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। संवाद